प्रश्न पत्र 'बी' समय - ढाई घंटे
अंक - 75 अंक

(1) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिये

(क) समाचार पत्रों के लाभ
(ख) खेलों का महत्व
(ग) प्रदूषण की समस्या
(घ) समाज में नारी का स्थान
(ङ) अनुशासन — 05

(2) किसी एक गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिये

हाथ स्नेह का हो या ममता का, प्रेम का हो या अभिन्न मित्रता का, जब कण्ठ से लगा लेने के लिये उठता है तब यह भेद कहां रह जाता है कि वह व्यक्ति का है या राज्य का। मैं तो यह समझती हूं कि युवराज ही हमारे राजा हैं। अथवा

जिस झंझावात का एक दुर्निवार झकोरा हमारे शयन-कक्ष की मणियां तोड़-फोड़ कर पत्र-तत्र फेंकने लगता है। उस समय वह शरणागत होता है या धूर्त शाखामृग। मेरे मत में यह द्रष्टव्य है कि नवागत शरणागत की भावना में कहीं किसी कपट की माया का हाथ तो नहीं। — 05

(3) 'रानी लक्ष्मी बाई' उपन्यास की किन्हीं दो तत्वों के आधार पर आलोचना कीजिए।

अथवा

रानी लक्ष्मीबाई का चरित्र चित्रण कीजिये — 05

(4) रानी लक्ष्मी बाई एक ऐतिहासिक उपन्यास है सिद्ध करें —

अथवा

रानी लक्ष्मी बाई उपन्यास की कथावस्तु के आधार पर आलोचना कीजिये — 05

(5) राय पिथौरा की संवाद योजना के आधार पर समीक्षा करें।

अथवा

काका कान्ह का चरित्र - चित्रण कीजिये — 05

रानी लक्ष्मी बाई उपन्यास में क्या संदेश छिपा है? —— 03

(7) रानी लक्ष्मी बाई उपन्यास के मुख्य पात्रों के नाम लिखे —— 03

(8) राय पिथौरा नाटक के काल्पनिक पात्रों के नाम लिखे —— 03

(9) राय पिथौरा नाटक के मुख्य नारी पात्रों के नाम लिखिये —— 03

(10) रानी लक्ष्मी बाई की अन्य सहेलियों के नाम लिखे —— 03

(11) राय पिथौरा किस-किस भाषा के शब्दों का प्रयोग हुआ है —— 03

(12) रानी लक्ष्मी बाई कौन-कौन से खेल खेलती थी? —— 03

(13) राय पिथौरा नाटक के पहले और तीसरे अंक के कितने दृश्य हैं? —— 03

(14) राय पिथौरा नाटक में कुल कितने अंक हैं? —— 02

(15) राय पिथौरा नाटक के तीसरे अंक में कितने दृश्य हैं? —— 02

(16) पृथ्वीराज ने कितनी बार आक्रमण किया? —— 02

(17) राय पिथौरा में स्त्री तथा पुरुष पात्रों की कुल संख्या कितनी है? —— 02

(18) राय पिथौरा किस प्रकार का नाटक है? दो पंक्तियों में उत्तर लिखिये —— 02

(19) रानी लक्ष्मी बाई उपन्यास किस घटना पर आधारित है? —— 02

(20) कवि चन्द की कौन सी पंक्तियाँ सुन कर पृथ्वीराज ने शब्द बेधी बाण छोड़ा था? —— 02

(21) राय पिथौरा नाटक में कुल कितने दृश्य हैं? —— 02

(22) रानी लक्ष्मी बाई किस ग्रन्थ का अध्ययन करती थी? —— 02

(23) पृथ्वीराज की पटरानी तथा अंतिम रानी का नाम लिखिये —— 02

रानी लक्ष्मी बाई का बचपन का नाम क्या था ?

मनु , भानु , मनु ———— 01

(25) पृथ्वीराज की पटरानी का क्या नाम था ?

इच्छा रानी , लच्छो , इन्द्राणी । ———— 01

(26) रानी लक्ष्मी बाई उपन्यास कौन सा संदेश देता है ?

घृणा, प्रेम, एकता ———— 01

(27) राय पिथौरा का पहला महामात्य कौन था ?

चन्द पुंडीर, कैमास, चन्द । ———— 01

(28) रानी लक्ष्मी बाई उपन्यास की नायिका कौन है ?

मनु , सुन्दर , जूही । ———— 01

(29) राय पिथौरा नाटक की नायिका का क्या नाम है ?

इच्छा रानी, कमला रानी , संयोगिता । ———— 01

प्रश्न पत्र 'ए' अंक: 75 समय ढाई घंटे अंक

Hindi 12th Model Paper

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिये :

(1) वीरगाथा काल का नामकरण कीजिये।

अथवा

हिन्दी भाषा के उद्‌भव और विकास पर प्रकाश डालिये। — 05

(2) संत काव्य की विशेषताएं लिखिये

अथवा

भक्तिकाल को हिन्दी का स्वर्ण युग क्यों कहा जाता है? — 05

(3) सूरदास के काव्य की मुख्य विशेषताएं लिखिये।

अथवा

रामकाव्य की मुख्य प्रवृत्तियां लिखिये। — 05

(4) वीरगाथा काल की राजनीतिक परिस्थितियां लिखे।

अथवा

रासो काव्य परम्परा पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये — 05

(5) छायावादी काव्य की मुख्य विशेषताएं लिखिये।

अथवा

प्रकृति चित्रण छायावादी कविता की आत्मा है सिद्ध करें — 05

(6) निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

मैं क्षितिज भृकुटी पर घिर धूमिल,
चिंता का भार बनी अविरल।
रजकण पर जल कण हो बरसी,
नवजीवन अंकुर हो निकली।

अथवा

किसलय वसना नव वय लतिका
मिली मधुर प्रिय उर-तरु पतिका,
मधुप वृंद बंदी पिक स्वर नभ सरसाया। — 03

(7) किसी एक कविता का सार अपने शब्दों में लिखिये
सन्ध्या के बाद, वसंत गीत — 03

(8) हिन्दी साहित्य को कितने कालों में विभक्त किया गया है केवल नामांकन कीजिए — 03

(9) महादेवी वर्मा एक रहस्यवादी कवियत्री है। कविता में से उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए — 03

(10) दिनकर के काव्य में से क्रांतिकारी भावनाओ का उदाहरण प्रस्तुत करिये — 03

(11) सुमित्रा नंदन 'पंत' प्रकृति का कवि है। प्रकृति सम्बन्धी कोई चार पंक्तियां कविता में से लिखिये — 03

(12) निराला की किन्हीं छः कृतियों के नाम लिखिये — 03

(13) आदि काल को और किन-किन नामों से पुकारा जाता है — 03

(14) निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(14) आदिकाल तथा वीरगाथा का नामांकन किस-किस आलोचक ने किया है — 02

(15) किन्हीं दो कवियों के नाम लिखिये जिनमें प्रकृति चित्रण की प्रवृत्ति मिलती है — 02

(16) दिनकर की किन्हीं दो कृतियों के नाम लिखिये — 02

(17) सामंत युग किस काल को कहा गया है — 02

(18) "दूसरी होगी कहानी
शून्य में जिसके मिटे स्वर,
धूली में खोई निशानी"

इस कथन का भाव स्पष्ट कीजिये — 02

(19) छायावाद के किन्हीं दो कवियों का नाम लिखिये — 02

(20) 'राम की शक्ति पूजा' तथा 'कुरुक्षेत्र' के रचयिता का नाम लिखिये — 02

(21) महादेवी वर्मा को आधुनिक युग की मीरा किस तथ्य के आधार पर कहा गया है? — 02

(22) 'स्पंदन में चिर निस्पंद बसा' का भाव स्पष्ट करें — 02

(23) किस काल में स्वच्छंदतावादी प्रवृत्ति मिलती है? — 02

निम्नलिखित सही कथनों को चिह्नित करें।

(24) कौन सा कवि रहस्यवादी है?
दिनकर, महादेवी वर्मा, निराला। — 01

(25) छायावादी कवि कौन है?
सुमित्रानंदन "पंत", मैथिलीशरण गुप्त, अज्ञेय, — 01

(26) कबीर दास किस धारा के कवि हैं?
सगुण धारा, निर्गुण, प्रेम मार्गी धारा — 01

(27) भक्ति काल को कितनी शाखाओं में विभक्त किया गया है? — 01

(28) स्वर्ण युग किस युग को कहा गया है?
वीरगाथा काल, भक्ति काल, आधुनिक काल। — 01

(29) प्रसाद युग किस युग को कहा गया है?
भक्ति काल, छायावाद, वीरगाथा काल — 01